# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 03.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

### प्रदेश विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज आखिरी दिन है। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इस दौरान कई अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे।

प्रश्नकाल के बाद मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू सदन के पटल पर चार महत्वपूर्ण दस्तावेज़ रखेंगे जिनमें भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक यानि कैग की बीते तीन वर्षों की रिपोर्ट शामिल हैं। इसके अलावा सदन में चार अहम विधेयकों युद्ध पुरस्कार, भारतीय स्टाम्प, पंचायती राज तथा सड़क अवसंरचना संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 को विचार विमर्श के उपरांत पारित किया जाएगा। नियम 130 के तहत 31 अगस्त को लाए गए युवाओं के लिए रोज़गार गारंटी प्रस्ताव पर सरकार जवाब देगी। इसके अलावा नियम 324 के अंतर्गत ग्यारह विधायक संबंधित क्षेत्रों के जनहित के मुद्दे उठायेंगे । रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

### आउटसोर्स कर्मचारी

प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने का कोई भी प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है। विधानसभा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल के लिखित जवाब में कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर सरकार ने फिलहाल कोई प्रक्रिया तय नहीं की है। वहीं पैरा मेडिकल कर्मचारियों, पम्प ऑपरेटरों और अन्य अनियमित कर्मचारियों के मामले में उन्होंने कहा कि इनके संबंध में निर्धारित नीति के अनुसार निर्णय लिया जाता है।

### अवैध खनन

प्रदेश में बीते तीन वर्षों में अवैध खनन के 13 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इनमें से 10 हजार एक सौ 52 मामलों में दोषियों से जुर्माने के रूप में 8 करोड़ 79 लाख 25 हजार 7 सौ 70 रूपए की राशि वसूल की गई है जबकि शेष 2 हजार 9 सौ 30 मामलों में नियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधानसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न नदी–नालों में कुल 3 सौ 5 खनन पट्टे प्रदान किए गए हैं और सरकार को इनसे करीब 3 सौ 3 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर रोज़गार के नाम पर युवाओं से धोखा करने का आरोप लगाया है ।शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सरकार चलाने वाले मुख्यमंत्री रोज़गार व स्वरोजगार के अवसर देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं । जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार द्वारा नब्बे प्रतिशत से ज्यादा पेंशन धारकों को अपात्र घोषित

करना अत्यंत दुखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि जरूरतमंदों की मदद करने के बजाय सरकार उनकी पीड़ा को बढ़ाने का काम कर रही है ।

**पर्यावरण–इलैक्ट्रिक बसें**

राज्य सरकार प्रदेश के पर्यावरण को बचाए रखने के लिए जल्द ही एक हज़ार नई इलेक्ट्रिक और दो सौ हाइड्रोजन बसें ख़रीदेंगी। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने अपने पहले बजट में ही प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाया जा रहा है।

**इलैक्ट्रिक बसें**

इस बीच पर्यावरण संरक्षण के साथ यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित परिवहन देने की दिशा में इलैक्ट्रिक बसें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कांगड़ा जिले में भी अलग–अलग रूटों पर दौड़ रही 45 इलैक्ट्रिक बसें ग्रीन ट्रांसपोर्ट की तस्वीर पेश कर रही है। हमारे कांगड़ा जिला संवाददाता ने बताया कि सड़कों पर दौड़ती ये इलैक्ट्रिक बसें अब महज सार्वजनिक परिवहन का साधन नहीं बल्कि ग्रीन हिमाचल की नई पहचान बनती जा रही है।

**मणिमहेश**

चंबा जिले की विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा कल से शुरू हो रही है। 19 सितंबर तक चलने वाली इस यात्रा के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।